सर्कारी प्रौढ़शाला - अंगोंडहल्लि, मुलबागल-ता, कौलार-जिला।

कक्षा: 9 वीं **प्रथम योगात्मक परीक्षा, सितंबर - 2019**

समय: $1^1/_2$ घंटा **विषय: तृतीय भाषा हिंदी** **अंक:** 40

I. निम्न लिखित प्रश्नों के लिए चार विकल्प दिये गये हैं उनमें से सही उत्तर चुनकर लिखिए: 4x1=4

1. 'देखना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया है-

अ) देखाजाना आ) दिखाना इ) देखना ई) दिखवाना

2. 'आँख' शब्द का अन्य वचन रूप है-

अ) आँखी आ) आँख इ) आँखें ई) आँखियाँ

3. 'अपना' का विलोम शब्द है-

अ) पराया आ) दूसरा इ) अपनाना ई) इनमें कोई नहीं

4. 'खुशबू' का समानार्थक शब्द है-

अ) फूल आ) बदबू इ) दुर्गंध ई) सुगंध

II. अनुरूपता के अनुसार तीसरे शब्द का संबंध लिखिए: 2x1=2

5. मौसी : कहानी :: भीम और राक्षस : ________________
6. आम फले : धरती पर :: कमल खिले : ________________

III. निम्न प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए: 3x1=3

7. नरेंद्र पढ़ने में कैसे थे**?**
8. कवि ने परिसर को कैसे रखने के लिए कहा है?
9. बहने ने भाई से क्या थाम लिया?

IV. निम्न प्रश्नों का उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए: 4x2=8

10. ब्राह्मण के घर में सब लोग क्यों रो रहे थे?
11. भाई को बहन कैसे विदा करती है?
12. पेड़ मानव का रक्षक है। इसका भाव स्पष्ट कीजिए।
13. कल्पना का जन्म कहाँ हुआ और बचपन में उनकी आकांक्षा क्या थी?

V. निम्न प्रश्नों का उत्तर चार वाक्यों में लिखिए: 5x3=15

14. स्वामी विवेकानंद जी ने भारतवासियों को क्या उपदेश दिया?
15. चेरापूँजी की विशेषताएँ लिखिए।
16. बच्चों ने मिलकर मौसी की सेवा किस प्रकार की?
17. दुर्घटना से बचने के लिए कोई तीन-चार उपाय लिखिए।

18. निम्न पद्यभाग को पूर्ण कीजिए।

जय-जय भारतमाता ____________________ हमको हरा-भरा।

VI.19. **निम्न गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों का उत्तर लिखिए:** **2x1=2**

भारत त्योहारों का देश है। यहाँ हिंदु, मुस्लिम, ईसाई, सिख, आदि धर्मों के लोग निवास करते हैं। वे अपने-अपने धर्मों के अनुसार युगादि, संक्रांति, रमज़ान, क्रिसमस, आदि कई त्योहार मनाते हैं।

अ) भारत कैसा देश है?

आ) भारत में कौन-कौन से त्योहार मनाते हैं?

VII. कन्नड में अनुवाद कीजिए: **1x2=2**

20. भारत के इतिहास में स्वामी विवेकानंद का नाम अमर है। इस वीर सन्यासी ने देश-विदेश का भ्रमण कर भारतीय धर्म और दर्शन का प्रसार किया।

VIII. 21. **तीन दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधान अध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए: 1x4=4**